छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग
निर्मल छाया भवन, मीरा दातार रोड़
शंकर नगर, रायपुर

शिकायत प्रकरण क्रमांक 292/2009

1. श्री महेश्वर प्रसाद साहू, – शिकायतकर्ता
ग्राम टेंगनाकछार, पोस्ट–धनसीर,
जनपद पंचायत–बिलाईगढ़,
जिला–रायपुर (छत्तीसगढ़)

विरूद्ध

1. जन सूचना अधिकारी/सचिव, – अनावदेक
ग्राम पंचायत–छुईहा, जनपद पंचायत–बिलाईगढ़,
जिला–रायपुर (छत्तीसगढ़)

//आदेश//
(दिनांक 30 जून, 2009)

प्रकरण का संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता श्री महेश्वर प्रसाद साहू द्वारा जानकारी प्राप्त करने के लिए जन सूचना अधिकारी/सचिव, ग्राम पंचायत–छुईहा, जिला–रायपुर के समक्ष दिनांक 03.01.2009 को आवेदन प्रस्तुत करने पर उक्त आवेदन लेने से इंकार करने के पश्चात् उनके द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बिलाईगढ़ के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत की गई। उक्त अपील पर दिनांक 07.03.2009 को पचास रूपये का शुल्क अवलोकन करने और राशि सौ रूपये तक की जानकारी निःशुल्क देने तथा अधिक की चाहने पर शुल्क जमा कराकर देने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु उसे बाद भी जानकारी नहीं मिलने के कारण उससे असंतुष्ट होकर उनके द्वारा आयोग के समक्ष यह शिकायत प्रस्तुत की गई है।

2/ प्रकरण से संबंधित रिकार्ड का अवलोकन किया गया एवं उभय पक्ष के तर्कों का श्रवण किया गया। प्रकरण में सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा जानकारी का अवलोकन कराने हेतु दिनांक 09.03.2009 को नोटिस जारी करना और पूर्व में दिनांक 28.01.2009 को राशि 1686/– रूपये शुल्क जमा कराने के लिए लिखना बताया। शिकायकर्ता का कहना है कि उसने गरीबी रेखा का कार्ड लगाया था और सचिव ने बताया कि गरीबी रेखा और बी0पी0एल0 राशन कार्ड का प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया है। अतः उपरोक्त स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को यह निर्देश दिये जाते हैं कि शिकायतकर्ता के गरीबी रेखा के कार्ड के संबंध में पूरी तरह से जॉच कर लें, यदि उनके पास वैध कार्ड हो तो उन्हें 15 दिवस में संबंधित रिकार्ड का निःशुल्क अवलोकन कराया जावे और चूंकि जानकारी अत्यंत विस्तृत है, अतः उन्हें राशि 100/– रूपये तक की जानकारी उनसे सूची लेकर दिलायी जावे और अधिक की चाहने पर शुल्क जमा कराकर प्रदाय की जावे। प्रकरण में शास्ति अथवा क्षतिपूर्ति की कार्यवाही आवश्यक प्रतीत नहीं होती है।

3/ उपरोक्त निर्देश के साथ उक्त शिकायत प्रकरण का निराकरण किया जाता है।

(ए0के0 विजयवर्गीय)
राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com